सामाजिक द्वेषता के कारण अश्लील वीडियो बनवाया

कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

महिदपुर। महेंद्र सिंह पिता भगवान सिंह निवासी क्रिस्ट ज्योति स्कूल के सामने 249, मालनवासा, उज्जैन मध्यप्रदेश थाना नागझिरी एवं अर्जुन सिंह पिता हीरालाल निवासी-249 ग्राम मतानाकलां, तहसील व जिला उज्जैन मध्यप्रदेश थाना नरवर जिला उज्जैन के होकर महिदपुर एसडीओपी कार्यालय में आवेदन दिया गया है।

प्रार्थी अलग-अलग निवास करते हैं, किंतु वे एक ही समाज के होकर महेंद्र सिंह डाबी का समाज में प्रदेश अध्यक्ष का पद रहा और अर्जुन सिंह हारोड का समाज में सलाहकार समिति के अध्यक्ष रहे। जिस कारण समाज के ही अन्य पदाधिकारीगण हम प्रार्थीगण से द्वेषपूर्ण व्यवहार रखते हैं। इसी को लेकर हमारे विरुद्ध समाज में बदनाम करने के लिए के कई प्रकार से द्वेषपूर्ण व्यवहार से गलत तरीके से भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रही है। जिससे हमारे समाज में मान- सम्मान कि प्रतिष्ठा धूमिल हो सके।

हमने समाज के उत्थान के कई कार्य किये और आगे भी कार्य करने



के कई प्रयास किया जा रहे हैं। समाज में नवीन धर्मशाला का निर्माण, सामूहिक विवाह सम्मेलन, सामाजिक जागृति उन्नति के अन्य कार्य किए गए। जिसके कारण समाज के व्यक्ति प्रगतिपथ पर अग्रसर होते हुए देख द्वेषता की

भावना रखते हैं। षड्यंत्रपूर्वक कथित तौर पर उदय सिंह गुर्जर नामक व्यक्ति के माध्यम से किसी अज्ञात महिला का उपयोग हमारे विरुद्ध किया गया। जिसमें गलत तरीके से द्वेषपूर्ण व्यवहार रखते हुए अश्लील एवं भ्रामक जानकारी फैलाई गई। षड़यंत्र पूर्वक वीडियो बनाकर छवि को धूमिल किया। अर्जुन सिंह हारोड़ ने बताया कि बालू सिंह वाणिया जो गुजराती बलाई समाज के थे हम नहीं मानते महिदपुर के पास झरखेडी के गांव का है। उसके कई फर्जीवाडे है, कई लोगों को डीजीपी का रिश्तेदार बताकर लाखों की ठगी की। अर्जुन सिंह हारोड़, महेंद्र सिंह पिता भगवान सिंह ने भी उक्त आरोपिगण की जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो सामाजिक व्हाट्सएप के 4-5 व्हाट्सएप ग्रुप में लगभग 4 हजार से 5 हजार तक के मेम्बर एड है जिसमें डाला गया। सोशल मीडिया के माध्यम से हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होकर मानहानि हुई है।

इसकी समस्त जिम्मेदारी उदय सिंह गुर्जर नामक व्यक्ति की है। पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें आरोपियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

वैध निर्माण को अवैध बताकर बुजुर्ग को पंचायत सचिव कर रहा परेशान, शिकायत

खाचरौद। समीप ग्राम घिनौदा के बुजुर्ग मांगीलाल कुलमी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन देकर बताया उनका ग्राम घिनोदा की आबादी भूमि में पत्रक के रूप से मकान गृह क्रमांक 163 में 110 वर्ग फीट लंबाई- चौड़ाई में बना होकर पंचायत में संपत्ति कर रजिस्टर में दर्ज होकर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्ष 2025 /26 की खसरा नकल की छाया प्रति भी संलग्न की है।

बुजुर्ग के अनुसार उन्होंने मौके पर कोई अतिक्रमण नहीं किया। पंचायत द्वारा मुझे 18 मई को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया। जिसमें क्षेत्रफल का कोई उल्लेख नहीं नहीं किया गया मेरे द्वारा 18 मई को जवाब पेश किया गया। लेकिन पंचायत सचिव चंद्रभान सिंह पवार ने लेने से इनकार कर दिया। जिसके

कारण मैंने रजिस्टर्ड डाक से अपना जवाब पंचायत को भेज दिया। वहीं प्रार्थी ने उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में ग्राम पंचायत द्वारा मुझ पर अन्याय करने को लेकर याचिका प्रस्तुत की गई थी। जिसमें न्यायालय ने सारे दस्तावेज पंचायत में प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। आदेश अनुसार मेरे द्वारा सारे दस्तावेज पंचायत में प्रस्तुत करवा दिए गए किंतु19 मई को बिना किसी सक्षम अधिकारी के राजस्व निरीक्षक पटवारी पंचायत कर्मी पुलिस विभाग के द्वारा बिना किसी सूचना के अवैध रूप से मेरे द्वारा वर्षों पूर्व निर्माण को हटाने का प्रयास किया गया। मेरे भवन निर्माण से किसी भी ग्राम वासी को कोई परेशानी नहीं है। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा मनमानी करके ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है।

एक नजर में

कथा महोत्सव का पहला निमंत्रण खजराना गणेश को

इंदौर. शहर में पहली बार पांच दिवसीय व्यंकटेश बालाजी कथा का आयोजन 1 से 5 जून तक माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज के तत्वावधान में संपन्न होगी. अवंतिका पीठाधीश्वर रामानुजकोट के युवराज स्वामी डॉ माधव प्रपन्नाचार्य महाराज अपने श्रीमुख से इस विशिष्ट कथा का वाचन करेंगे. संस्था अध्यक्ष अर्चना भूतड़ा व राखी काबरा ने बताया कि आयोजन का प्रथम निमंत्रण विघ्नहर्ता गणेश भगवान के खजराना धाम को अर्पित किया गया एवं भगवान से कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो, यह प्रार्थना की गई. मंदिर में पंडित जी ने विधि विधान से पूजन करवाया एवं गणेश अथर्वशीर्ष का पाठ भी किया. इस अवसर पर संस्था की विभा राठी, साधना मंडोवरा, कुसुम गिलड़ा, सुनीता नवाल, बिंदु हेड़ा, सुधा गोरानी, पल्लवी लखोटिया, अर्चना करवा, शीतल काबरा, अर्चना बाहेती भी मौजूद थी.

रजत जयंती महोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

इंदौर. ब्रह्माकुमारीज गांधीनगर सेवाकेंद्र की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़े भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कलश यात्रा के माध्यम से सभी ने जन-जन तक दिव्य शिव संदेश पहुँचाया तथा आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम में सेवाकेंद्र की संचालिका बीके शुभांगी दीदी ने पिछले 25 वर्षों में सेवाकेंद्र द्वारा की गई आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं को साझा किया. जोनल इंचार्ज राजयोगिनी आरती दीदीजी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था का मूल उद्देश्य विश्व से कुरीतियों, दूषित संस्कारों, नकारात्मक विचारों एवं भ्रष्टाचार का अंत कर एक श्रेष्ठ, सुखी और पवित्र नए विश्व की स्थापना करना है. मुख्य अतिथि जस्टिस बी. डी. राठीजी ने कहा कि विश्व परिवर्तन का यह महान कार्य केवल परमात्मा ही कर सकते हैं, और आज परमात्मा ब्रह्माकुमारी बहनों को माध्यम बनाकर यह दिव्य कार्य करा रहे हैं. अरविंदो डेंटल केयर की डीन डॉक्टर कान्तेश्वरी, एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीवाल, पार्षद सुभाष सुनेरसिंह, फूलचंद पांडे जी, समाजसेवी सुरेश गुप्ताजी ने भी ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यों की सराहना की.

पशु पक्षियों के लिए बांटे सकोरे

इंदौर. भीषण गर्मी में इंसान ही नहीं, बेजुबान पक्षी भी प्यास से परेशान हैं. मैं सभी लोगों से विनम्र अपील करती हूं कि अपने घरों की छत, बालकनी या आंगन में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे जरूर रखें. हमारी छोटी-सी कोशिश हजारों पक्षियों की जिंदगी बचा सकती है. यह बात शहर की टीवी अभिनेत्री एवं मॉडल सारिका दीक्षित ने मेघदूत गार्डन में पशु- पक्षियों के लिए सकोरे बांटते समय कही. मेघदूत गार्डन में आने वाले सभी लोगों ने पशु पक्षियों के जीवन को बचाने के लिए शपथ ली और यह विश्वास दिलाया कि हम इन सकोरों में जरूर पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखेंगे. सारिका दीक्षित हमेशा ही पशु पक्षियों और मानव सेवा के लिए तत्पर रहती है. उन्होंने कहा कि पशु पक्षी के बिना हमारे जीवन का आधार नहीं है. उनकी रक्षा करना प्रकृति की रक्षा करना है. अंत में सारिका ने कहा कि आइए, इस गर्मी में दया और संवेदनशीलता का परिचय दें और प्रकृति के इन सुंदर मेहमानों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दें. बेजुबान जीव भी हमारी तरह इस धरती पर जीने का अधिकार रखते है, उनके प्रति संवेदनशील बनें और प्रकृति का संतुलन बनाए रखें.

राजेंद्र जैन महिला परिषद् पूर्वी क्षेत्र की साधारण सभा

इंदौर. अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद् पूर्वी क्षेत्र इंदौर की साधारण सभा तिलक नगर स्थित त्रिस्तुतिक उपाश्रय में संपन्न हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ, तत्पश्चात गत बैठक के मिनट्स का वाचन एवं सदस्यों के लिए तम्बोला कार्यक्रम आयोजित किया गया. सभा में वर्ष 2026-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें प्रिया राजेश जैन युवा को अध्यक्ष तथा स्नेहलता डुंगरवाल को सचिव पद पर निर्वाचित किया गया. बैठक में आगामी द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास 2026, इंदौर को सफल बनाने हेतु महिला परिषद् की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई एवं विभिन्न जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं. इस अवसर पर राखी रांका ने अपने उद्बोधन में परिषद् की भावी योजनाओं एवं महिला शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के अंत में अलका सुराणा ने आभार व्यक्त किया. सभा में निवर्तमान अध्यक्ष श्वेता सोनगरा सहित सुभद्रा सकलेचा, सुभद्रा लुंकड़, सुनीता जैन, मधु पोखरना, अनीता जैन एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे.

धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

इंदौर. भगवान कृष्ण ने समाज की राक्षसी प्रवृत्तियों के नाश के लिए ही अवतार लिया. दुनिया के सारे विवाद वहां पैदा होते हैं जहाँ मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है. कृष्ण और राम के चरित्र आज हजारों वर्ष बाद भी वन्दनीय और पूजनीय बन्दे हुए हैं क्योंकि समाज के गौरव और अस्मिता को बढाने तथा दुष्टों का नाश कर भक्तों की रक्षा करने का संकल्प आज भी हमें अनुभूत होता है. श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. नंद में आनंद भयो जय कन्हैयालाल की॥ भजन पर समूचा कथा स्थल नाच उठा. पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग, मंत्री सुशील अग्रवाल, संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग एवं उमेश मंगल ने बताया कि पंचायत की ओर से व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान श्यामा-नरेश मित्तल, संजय बांकडा, कैलाश काका, विनोद मंगल, विक्की मित्तल, शिव खंडेलवाल, प्रमोद तिवारी आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष गोयल एवं अशोक अग्रवाल, सतीश मंगल, सुभाष अग्रवाल, ने की.

अखंड रामायण पाठ शुरू, आज भंडारा

उज्जैन। काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर में अघोर अखाड़ा उज्जैन एवं श्री सेनापति काल भैरव गौसेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 30 मई से प्रारंभ होकर 31 मई रविवार तक राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा।

समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज ने बताया कि यह अखंड रामायण पाठ एवं भंडारा उनके गुरुदेव अघोरी बाबा योगी बम-बम नाथ महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनकल्याण, विश्व कल्याण, मृत आत्माओं की शांति एवं मोक्ष की कामना, गौ माता की रक्षा तथा मृत गौमाताओं को भू-समाधि देने जैसे सेवा कार्यों को निर्विघ्न रूप से संपन्न करना है। रवि चौधरी ने बताया कि बाबा योगी बम-बम नाथ महाराज चक्रतीर्थ श्मशान घाट में पिछले 18 वर्षों तक प्रतिमाह मृत आत्माओं के मोक्ष और विश्व कल्याण के लिए अखंड रामायण पाठ एवं भंडारे का आयोजन करते रहे हैं। उनके शिष्य खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज कर रहे हैं, जो वर्तमान में 12 वर्षीय खड़ेश्वरी अघोर तपस्या में लीन हैं और गुरु परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। आज रविवार को आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा-नृसिंह जयंती पर चार भुजानाथ का किया विशेष पूजन अर्चन

घट्टिया। तीन वर्षों में एक बार आने वाले पुरुषोत्तम माह की पूर्णिमा पर शनिवार को स्थानीय चारभुजा नाथ मंदिर में आकर्षक फूलों का श्रृंगार कर विशेष अभिषेक पूजन किया गया।

साथ ही इसी दिन नृसिंह जयंती के अवसर पर मंदिर में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार कर अभिषेक पूजन कर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा सामूहिक भजन गायन का आयोजन कर पुरुषोत्तम माह उत्सव मनाया गया। साथ ही भगवान का मनोरथ कर विशेष पूजन व भोग भी अर्पित किया गया।

अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे ने किया आयोजन

राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में प्रतिकल्पा के कलाकारों ने जीते पांच अवार्ड

उज्जैन। अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में उज्जैन की प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के प्रतिभाशाली कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अवार्ड अपने नाम किए हैं। इन कलाकारों का चयन अंडमान निकोबार आइलैंड में होने वाले प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए हो गया है।

संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. अनिता चौधरी ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक कलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिवर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। वर्ष 2026 की स्पर्धा में संस्था के कलाकारों ने वरिष्ठ नृत्यगुरू डॉ. पल्लवी किशन के मार्गदर्शन में तैयारी कर हिस्सा लिया था और विभिन्न श्रेणियों में चार प्रथम एवं एक द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता में ओपन कैटेगरी के सेमी क्लासिकल नृत्य में नविता मंडलोई ने प्रथम, जूनियर कैटेगरी के सेमी क्लासिकल में रिद्धि सोनी ने प्रथम और माइनर कैटेगरी के सेमी क्लासिकल में जानवी चांडक ने प्रथम पुरस्कार जीता। इसी तरह माइनर कैटेगरी के फोक डांस में क्रिस्टी सलूजा ने प्रथम एवं रोशिता सोनी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कलाकारों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, कुमार किशन, डॉ. अनिता चौधरी, शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, विजय भागचंदानी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण चतुर्वेदी, मिलन गुप्ता और स्वप्निल केलकर सहित संस्था के अनेक सदस्यों एवं अभिभावकों ने नृत्यगुरु डॉ. पल्लवी किशन व सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है।

भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : डॉ. कोठारी

उज्जैन। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की दो दिवसीय प्रांत संयोजक राष्ट्रीय बैठक का शुभारंभ पुणे के ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी दृष्टि पश्चिम की दृष्टि नहीं है। विकास का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं है। आर्थिक विकास के साथ समस्याएं बढ़ती हैं। भौतिकता और आध्यात्मिकता के समन्वय से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। विकसित भारत के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा संस्थानों को महती भूमिका निभानी होगी।

संयोजक डॉ. जफर महमूद ने बताया कि नाथी बाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय पुणे एवं डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लोणेरे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय बैठक के पांच सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, विकसित भारत हेतु शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, ज्ञानसभा के आयोजन एवं शिक्षा के विभिन्न आयामों पर गहन मंथन हुआ। साथ ही सभी प्रांतों के वृत्त (रिपोर्ट) प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. दीपक श्रीवास्तव, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलगुरु प्रो. आलोक चक्रवाल, न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक ओमप्रकाश शर्मा, संजय स्वामी, विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर के अजय तिवारी, डॉ. राकेश ढांड, रामसागर मिश्रा और सुनील पण्ड्या ने संबोधित किया।

इस अवसर पर न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुरारिया, डॉ. गीता नायक, डॉ. राजीव पांड्या और प्रचार-प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक अथर्व शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में देश के 40 प्रांतों के 200 से अधिक दायित्ववान कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं।

एक नजर **विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आरडी गार्डी के विशेषज्ञों ने दी चेतावनी**

तंबाकू से होते हैं 40 प्रतिशत कैंसर, एक सिगरेट पीने से 20 मिनट कम हो जाती है उम्र

उज्जैन। भारत में कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू है, जो 40 प्रतिशत से अधिक कैंसर के लिए जिम्मेदार है। एक सिगरेट पीने से इंसान की उम्र 20 मिनट कम हो जाती है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित उज्जैन कैंसर सेंटर के ऑन्कोलॉजी विभाग के अध्यक्ष और वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेंढारकर ने यह चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि केवल जन जागरूकता और तंबाकू छोड़कर ही कैंसर की घटनाओं को 40 से 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

7000 रसायनों में 70 कैंसर कारक: डॉ. पेंढारकर ने बताया कि देश में लगभग 35 प्रतिशत (करीब 50 करोड़) आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती है। इसमें चबाने वाले तंबाकू का चलन सर्वाधिक है। 15 से 24 आयु वर्ग के 12 प्रतिशत युवा इसकी चपेट में हैं। भारत मुख कैंसर की विश्व राजधानी बन चुका है और इसके 50 प्रतिशत से अधिक मामलों का कारण तंबाकू ही है। पुरुषों में होने वाला फेफड़ों का कैंसर भी मुख्य रूप से इसी वजह से होता है। तंबाकू में 7000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें 70 कैंसर कारक (कार्सिनोजेन) हैं।

बीमारियों पर भारी खर्च और निष्क्रिय धूम्रपान का खतरा: तंबाकू दिल का दौरा, लकवा, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का कारण है। तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रत्यक्ष उपचार पर जीडीपी का 1 प्रतिशत से अधिक और कुल स्वास्थ्य व्यय का 5.3 प्रतिशत हिस्सा खर्च होता है। सरकार को तंबाकू से राजस्व के रूप में मिलने वाले प्रत्येक 100 रुपये के मुकाबले इसके दुष्प्रभावों के इलाज पर 816 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसके अलावा, निष्क्रिय धूम्रपान भी उतना ही खतरनाक है, जिससे विश्व स्तर पर सालाना 16 लाख मौतें होती हैं। डॉ. पेंढारकर के अनुसार, खराब जीवनशैली और तंबाकू के कारण युवाओं की अकाल मृत्यु हो रही है।

उज्जैन में अब कैंसर का अत्याधुनिक इलाज

आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा निदेशक डॉ. वीके महाडिक ने बताया कि कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए उज्जैन कैंसर सेंटर को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। यहां नवीनतम विकिरण मशीनें उपलब्ध हैं और जल्द ही पीईटी स्कैन सुविधा भी शुरू होने जा रही है। यह प्रदेश का एकमात्र मेडिकल कॉलेज है, जहां कैंसर के सटीक निदान के लिए एनजीएस और फ्लोसाइटोमेट्री जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अस्पताल में टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, प्रेसिजन ऑन्कोलॉजी के साथ ही अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) और कार-टी सेल थेरेपी जैसी नवीनतम उपचार सुविधाएं शुरू हो चुकी हैं। अब उज्जैन और आसपास के मरीजों को गंभीर इलाज के लिए बड़े शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होगी। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डॉ. महाडिक ने नागरिकों से तंबाकू का सेवन न करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है।